卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 32 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦8 नवम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# लाखों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी




हरिद्वार (उद संवाददाता)।कार्तिक पूर्णिमा पर हरिद्वार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों लोगों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। हरकी पैड़ी श्रद्धालुओं से खचाखच भरी नजर आई। कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक दृष्टि से काफी महत्व माना जाता है। मान्यता है कि कार्तिक मास में पड़ने वाले स्नान पर्व को देव दीपावली के रूप में मनाया जाता है क्योंकि इस दिन देवता धरती पर स्नान के लिए आते हैं। इसी के चलते हरिद्वार में आधी रात से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। ब्रम्ह मुहुर्त से ही श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी पहुंचकर स्नान करना शुरू कर दिया। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु हरकी पैड़ी ब्रह्म कुंड के अलावा मालवीय घाट, सुभाष घाट, प्रेम नगर आश्रम समेत विभिन्न गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी लगाते दिखे। हालांकि चंद्रग्रहण का सूतक लगने की वजह से मंदिरों के कपाट बंद रहे।श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद मंदिरों में पूजा अर्चना नहीं कर पाये। श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से अपर रोड समेत हरकी पैड़ी क्षेत्र के बाजारों में खासी चहल-पहल दिखी। रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर भी आम दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ रही। हरकी पैड़ी समेत गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हरकी पैड़ी की प्रबंधकारिणी संस्था श्री गंगा सभा के अलावा पुलिस की ओर से इंतजाम किए गए थे। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट है। पूरे मेला क्षेत्र को नौ जोन और 33 सेक्टरों में बांटते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। स्नान पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार चेकिंग अभियान जारी रहा। बम निरोधक दस्ते की दो टीम श्वान दल के साथ तैनात रहे।घुड़सवार पुलिस की भी व्यवस्था की गई थी। वहीं अभिसूचना इकाई के 20 अधिकारी कर्मचारी भी मुस्तैद रहे। वहीं श्रद्धालुओं के डूबने की घटनाओं पर रोकथाम के लिए मुख्य स्नान घाटों पर जल पुलिस जवान, गोताखोरों के साथ ही एक प्लाटून फ्लड कंपनी बोट के साथ तैनात रही।

## प्रकाश पर्व पर धूमधाम से निकला नगर कीर्तन




नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सिक्खों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पंज प्यारों की अगुवाई पर विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। महाराज जी की पालकी को फूलों से सजाया गया। गुरु ग्रंथ साहिब को फूलों सजी पालकी में विराजमान किया गया। पंज प्यारों के आगे श्रद्धालु फूलों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष आगे सड़क पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई करते हुए चल रहे थे। महाराज जी की पालकी के पीछे स्त्री सत्संग की महिलाएं शब्द कीर्तन करते हुए चल रही थी। इस दौरान नगर के व्यापारियों ने नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और स्टाल लगाकर पकौड़े, चने, बूंदी चाय हलुवा,फल का प्रसाद वितरित किया गया। नगर कीर्तन के दौरान रंजीत अखाड़ा की गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाए लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने में मजबूर कर दिया। बैकपाइपर बैंड आकर्षण का केंद्र बना रहा। बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्री गुरु नानक अकैडमी, श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज, श्री गुरु नानक बालिका कॉलेज, श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज, न्यू लाइट स्कूल, के बच्चों ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर आधारित झांकियां प्रस्तुत की गई। नगर के मुख्य चौराहे पर रागी ढाढी जत्थों ने शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया और श्री गुरु नानक देव जी महाराज जी के इतिहास की विस्तार पूर्वक जानकारी दी और (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस टीम पर फायरिंग का आरोपी आकाशदीप गिरफ्तार



रूद्रपुर/किच्छा(उद संवाददाता)। बीते दिनों किच्छा में पुलिस टीम पर फायरिंग के आरोपी आकाशदीप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का तमंचा और चार कारतूस बरामद किये हैं। साथ ही मुठभेड़ में घायल गुरदीप सिंह की बाइक भी बरामद हुई है। इसी बाइक का प्रयोग हल्द्वानी स्थित कुमाऊं ज्वेलर्स के स्वामी के बेटे सराफा व्यापारी राजीव वर्मा पर फायरिंग में किया गया था। बता दें तीन नवंबर की शाम हल्द्वानी में सराफा व्यापारी पर फायरिंग के आरोपी ऊधमसिंहनगर जिले के पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम बरा में आकाशदीप के ढाबे (शेष पृष्ठ सात पर)

## टांडा जंगल में पेड़ पर लटका मिला साधू का शव



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आज प्रातः रूद्रपुर मार्ग पर राह गुजरते लोगों में उस समय सनसनी फैल गई जब उन्होंने टांडा जंगल में बेलबाबा मंदिर के कुछ आगे मुख्य मार्ग के समीप ही पेड़ पर एक साधू के शव को फांसी पर लटका देखा। राहगीरों की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को पेड़ से उतार कर मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी ली। मृतक साधू के पाससे बरामद आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हो पाई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस मृतक के परिजनों के संदर्भ में जानकारी हासिल करने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार आज प्रातः बेलबाबा मंदिर से रूद्रपुर की ओर मार्ग पर टांडा जंगल में राह गुजरते लोगों ने सड़क के किनारे पेड़ पर एक भगवाधारी व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका देखा। शव को देखने के लिए वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। राहगीरों से सूचना मिलने पर टीपी नगर चौकी प्रभारी संजीत राठौर पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को पेड़ से उतार कर मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी ली। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से पाये गये आधारकार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त गौतम बुद्धनगर उत्तर प्रदेश निवासी भानू गिरी के रूप में हुई। पुलिस ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## कालोनियों में सीसी कैमरे नहीं लगे तो कालोनाइजरों पर होगी कार्रवाई:एसएसपी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बढ़ रही चोरी और लूट की घटनाओं को लेकर पुलिस अब सतर्क हो गयी है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कालोनियों में सीसी टीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिये हैं। एसएसपी ने कहा कि समीक्षा में पाया गया है कि रूद्रपुर, (शेष पृष्ठ सात पर)

### ट्रांजिट कैम्प कोतवाल के खिलाफ एसएसपी ने दिये जांच के आदेश

रूद्रपुर। गाली गलौच का वीडियो वायरल होने के मामले में एसएसपी ने ट्रांजिट कैम्प कोतवाल सुंदरम शर्मा के खिलाफ जांच के आदेश दिये हैं। बता दें पिछले दिनों कोतवाल सुंदरम शर्मा का वीडियो वायरल हुआ (शेष पृष्ठ सात पर)

## देवर ने भाई और भाभी को पीटा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अवैध संबंधों के संदेह में देवर ने भाभी को पीट दिया। शिकायत मिलने पर जब महिला का पति घर लौटा तो उस पर भी छोटे भाई ने हमला कर दिया। महिला की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को चौंकी बुलाया है। रम्पुरा निवासी ममता नाम की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका देवर उस पर गलत निगाह रखता है। साथ ही सास ससुर भी उसे दहेज के लिए आये दिन प्रताड़ित करते हैं। देवर कई बार उसके (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला को सम्मोहित कर जेवर लूटे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शातिर ठग ने महिला को सम्मोहित कर सोने के जेवर लूट लिये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक बदमाश फरार हो चुका था। जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी निवासी एक महिला बीते दिवस पेंशन लेने के लिए कोषागार आयी थी। कोषागार से काम निपटाने के बाद वह शाम को हल्द्वानी के लिए मेट्रोपोलिस कालोनी के गेट पर बस का इंतजार कर रही थी। बताया गया है कि इसी दौरान बाइक सवार वहां आकर रूका और उसने महिला को बातों में उलझाकर सम्मोहित कर दिया। सम्मोहित हुई महिला ने गले में पहना हुआ लाखों का गलोबंद बाइक सवार को सौंप दिया। इसके बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। ठगी का अहसास होने पर महिला ने पुलिस को सूचना दी। सिडकुल चौकी (शेष पृष्ठ सात पर)

### दो एटीएम से बदमाशों ने उड़ाए 96 हजार

काशीपुर। एटीएम से नगदी निकाले जाने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर रेलवे कॉलोनी निवासी अमीर चंद ने बताया कि बीते 9 अक्टूबर को मुरादाबाद रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से अज्ञात बदमाशों द्वारा 21 हजार रुपयों की नकदी निकाल ली गई। इसी तरह एक अन्य मामले में मोहल्ला काजी बाद निवासी राजेश पुत्र रामा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इसी दिन कटोरा ताल स्थित आईसीआईसीआई के (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक पर चाकू से हमला नगदी और मोबाइल भी लूटा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवक को घर से बुलाकर शराब पिलाने के साथ साथियों ने पांच हजार की नगदी और मोबाइल लूट लिया और चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। मामले में घायल युवक की मां ने चौकी में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। रम्पुरा वार्ड नंबर चौबी निवासी सोमवती पत्नी घनश्याम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम उसके दरवाजे पर मोहल्ले के ही चार पांच लड़के शराब पी रहे थे। सोमवती का आरोप है कि इन्हीं मे से एक ने उसके पुत्र सुरेश (शेष पृष्ठ सात पर)

# ममता हत्याकांड का पर्दाफाश, वेल्डर गिरफ्तार

## ग्रिल लगाने का काम कर चुका था, कर्ज चुकाने के लिये हत्यारे ने बनाई लूट की योजना, डीआईजी, एसएसपी और विधायक ने पुलिस टीम को सराहा





हल्द्वानी( उद संवाददाता)। बाजपुर कोतवाली क्षेत्र की बन्नाखेड़ा चौकी में तैनात सिपाही शंकर बिष्ट की पत्नी ममता की हत्या वेल्डर ने लूट के लिए ही की थी। किच्छा का मो. अशरफ उर्फ भूरा ममता का कातिल निकला। कर्ज में डूबने पर उसने वारदात को अंजाम दिया। पहले पुलिस हत्या को लूट दिखाने का प्रयास मान रही थी। लेकिन साक्ष्यों के आधार पर कहानी में नया मोड़ आ गया। सोमवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में डीआइजी डा. नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि तीन नवंबर को कालिका कालोनी निवासी सिपाही शंकर बिष्ट की पत्नी ममता बिष्ट की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। मामले में प्राथमिकी कर हत्यारे की तलाश शुरू कर दी थी। हल्द्वानी से रुद्रपुर व किच्छा तक सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। जिसमें एक बाइक सवार दिखाई दिया। रविवार देर रात पुलिस ने वार्ड नंबर 15 किच्छा निवासी मो. अशरफ उर्फ भूरा पुत्र अब्दुल नवी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अशरफ ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले वह सिपाही शंकर बिष्ट के घर में ग्रिल का काम कर चुका था। इसलिए उसे पता था कि ममता घर में अकेली रहती है। हत्यारा इस बात को लेकर आश्वस्त था कि ममता उसे घर में आने देगी। कर्ज में डूबने के कारण उसे रुपयों की जरूरत थी। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए वह ममता के घर जेब में हथोड़ा लेकर पहुंचा था। एसएसपी ने बताया कि जिस बाइक से अशरफ ममता के घर पहुंचा, उसकी पहचान न हो, इसलिए बाइक की नंबर प्लेट पर कपड़ा बांधा दिया था। घर पर पहुंचते ही उसने ममता को बताया कि जो ग्रिल उनके मकान में लगी है। उसकी फोटो मोबाइल से लेनी है। इस तरह की ग्रिल कहीं और भी लगानी है। वह ग्रिल की फोटो लेने छत पर गया। पीछे से ममता भी चली गई। वापस नीचे आने पर ममता ने इंसानियत के नाते उसे पानी के लिए पूछा। उसने पानी के लिए हां बोला। ममता आरओ से पानी भर रही थी तभी उसने पीछे से आकर सिर पर हथोड़े से प्रहार कर दिए। जिससे वह लहुलूहान होकर गिर गई और मौत हो गई। इसके बाद मो. अशरफ दो मंजिले पर गया। अलमारी का लॉक तोडने का प्रयास किया। लेकिन वह तोडने में असफल रहा। इसके बाद वह नीचे पहुंचा और लॉकर की चाबी लेकर गया। लॉकर खोलने में डिब्बे में भरे जेवर को वह आर्टीफिशियल समझकर छोड़ गया। बाकी कुछ जेवर व तीन हजार रुपये ले गया। मुखानी थाना क्षेत्र में हुई पुलिसकर्मी की पत्नी ममता बिष्ट की हत्या का पर्दाफाश हो चुका है। हत्यारोपी अशरफ ममता के जेवर लूटने के बाद पंतनगर से रुद्रपुर होते हुए किच्छा अपने घर पहुंचा। दूसरे दिन उसने जेवरों को ठिकाने लगाना शुरू कर दिया। गलोबंद, मंगलसूत्र व लाकेट को टेबल फैन के पीछे का ढक्कन खोलकर छिपा दिया, जबकि झुमके चोपड़ा मार्केट किच्छा में स्थित मुथुट फाइनेंस कंपनी में 35 हजार रुपये में गिरवी रख दिए थे। पुलिस ने हत्यारे की निशानदेही पर बिल बरामद कर ज्वेलरी कब्जे में ली। किच्छा के वार्ड 15 निवासी मो. अशरफ उर्फ भूरा ने छह माह पहले भी सात दिन तक सिपाही के घर पर ग्रिल का काम किया था। उसे पता था कि सिपाही के घर पर जेवर व अच्छा खासा पैसा है। ममता की हत्या के बाद पुलिस के शक की सुई मकान बनाने वाले कारपेंटर, पेंटर, माली व ग्रिल बनाने वालों पर घूमी थी। इसलिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र को भी सतर्क कर दिया था। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि अशरफ ने ममता को मारने के बाद लूट की। घर के बाहर किसी चीज की आहट होने पर वह डर गया। जल्दबाजी में कम जेवर लेकर फरार हो गया था। हत्या में प्रयुक्त हथौड़े को वह जीतपुर नेगी के पास एक गन्ने के खेत में फेंककर चला गया। एसएसपी ने बताया कि घर पहुंचने के बाद हत्यारे ने कपड़े धोए, लेकिन खून के धब्बे कपड़े में कई जगह से मिटे नहीं थे। उसके जूते भी खून से सने थे। दूसरे दिन उसने आधे जेवर घर में छिपा दिए। झुमके 35 हजार रुपये में गिरवी रखकर आ गया। इन 35 हजार रुपये से वह दुकान का किराया देकर कर्ज से मुक्त होना चाहता था। जिस समय अशरफ सिपाही शंकर के घर पर ग्रिल लगाने का काम कर रहा था, उस दौरान ममता ने उसे घर पर अपने हाथ से बनाया खाना खिलाया था। इसके अलावा पांच लोगों के घरों में काम भी दिलवाया था। उसे क्या पता था जिस अशरफ के लिए इतना कर रही है, वही एक दिन उसका कातिल बन जाएगा।

## डीजीपी ने की एक लाख रूपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा

हल्द्वानी। पुलिस कार्यवाही के अनुसार मुखानी क्षेत्र में आरक्षी की पत्नी की हुई हत्या के सम्बन्ध में श्री अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड महोदय द्वारा घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुये श्री पंकज भट्ट वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक नैनीताल को घटना का तत्काल अनावरण कर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये साथ ही श्री नीलेश आनन्द भरणे पुलिस उप-महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र नैनीताल को भी अभियोग में की जा रही पुलिस कार्यवाही की समय-समय पर अध्यावधिक स्थिति ज्ञात करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना मुखानी में वादी श्री शंकरसिंह बिष्ट पुत्र स्व0 मोहन सिंह बिष्ट स्थाई निवासी इमली धड़ा कालिका कॉलोनी गली नं0- 06 लोहरियासाल तल्ला थाना मुखानी जिला नैनीताल की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी हत्या का खुलासा करने के लिये एसपी क्राईम नैनीताल एवं एसपीसिटी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण में तथा सीओ हल्द्वानी सीओ ऑपरेशन्स नैनीताल के नेतृत्व में अभियुक्तों की तलाश, सुरागरसी-पतारसी, संदिग्धों से पूछताछ, सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने तथा विवेचनात्मक कार्यवाही व आरोपियों की गिरफ्तारी, लूटे गये नगदी, आभूषण व आला कत्ल की बरामदगी हेतु निम्न टीमें गठित की गई। श्री नितिन लोहनी सीओ ऑपरेशन नैनीताल के निकट पर्यवेक्षण में अभियुक्तों की तलाश सुरागरसी पतारसी हेतु आने जाने वाले रास्तों व सीसीटीवी का अवलोकन संदिग्धों से पूछताछ के लिये एसआई राजवीर सिंह नेगी, प्रभारी एसओजी।अनिल कुमार चौकी प्रभारी आम्रपाली, सोमेन्द्र सिंह थाना मुखानी, रविन्द्र राणा-थाना हल्द्वानी, दिनेश जोशी चौकी प्रभारी राजपुरा, दिलीप कुमार, का एहसान अली चन्दन नेगी, भानु प्रताप, कुन्दन कठायत, त्रिलोक रौतेला, आशोक रावत, दिनेश नगरकोटी, इसरारनबी सीसीटीवी सैल शामिल है। वहींभूपेन्द्र सिंह धौनी सीओ हल्द्वानी के निकट पर्यवेक्षण में द्वतीय टीम में निरीक्षक संजय कुमारहरेन्द्र चौधरी, एसआई कमित जोशी, का.अनिल गिरी, घनश्याम रौतेला, बंशीधर जोशी शामिल रहे। तृत्तीय टीम विवेचनात्मक कार्यवाही एवं आला कत्ल की बरामदगी के लिये रमेश बोराथ ाानाध्यक्ष मुखानी, उप निरीक्षक प्रीती चौकी प्रभारी आरटीओ, बबीता-थाना मुखानी शामिल रहे। माल बरामदगी आलाकत्ल एक हथोडा जिसमें खून के धब्बे हैं। अभियुक्त के कपडे जीन्स व कमीज जिसमें खून लगा हुआ है तथा जूते। घटना मेंप्रयुक्त- मोटर साईकिल हीरो स्प्लैण्डर प्लस। लूट का माल एक जोडी कान के झुमके, लॉकेट, 1 सोने का गलोबन्द, 1 सोने का मंगलसूत्र व 3 हजार रूपये नकदी बरामद किये गये। हत्या एवंलूट की घटना का अनावरण करने एवं आरोपियों को गिरफ्तारी करने मेंलगी पुलिस टीमों के द्वारा उक्त घटना का त्वरित एवं सुस्पष्ट अनावरण हेतु पुलिस के अधिकारियों एवं महानुभावों द्वारा पुलिस टीमोंके उत्साहवर्धन हेतु अशोक कुमार पुलिस महानिदेशक ने एक लाख रूपये नकद, नीलेश आनन्द भरणे पुलिस उप-महानिरीक्षक ने 50 हजार रुपये, पंकज भट्ट एसएसपी नैनीताल ने 25 हजार रुपये। बंशीधर भगत विधायक कालाढूंगी ने 21 हजार रुपये एवं जोगेन्द्र रौतेला महापौर हल्द्वानी ने 11 हजार रुपये नकद ईनाम देने की घोषणा की है।

# मंडलायुक्त ने किया अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और लीगेसी वेस्ट प्लांट का औचक निरीक्षण

हल्द्वानी। मंडलायुक्त दीपक रावत ने सोमवार को गौलापार के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। मौके पर इलेक्ट्रिसिटी और सिविल इंजीनियर नहीं मिलने पर मंडलायुक्त भड़क गए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। 193 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान जब मंडलायुक्त ने अधिकारियों से निर्माण आदि गतिविधियों के बारे में पूछा तो अधिकांश का जवाब नहीं मिला। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधि कारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि मौके पर सुपरवाइजर व इंजीनियर नहीं होंगे तो गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित हो पाएगी? ऐसे में विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न खड़ा होता है। मंडलायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के मल्टीपरपज हॉल और बैडमिंटन हॉल में 15 करोड़ 10 लाख की लागत से निर्माणाधीन सिंथेटिक फ्लोरिंग व मेपलवुड फ्लोरिंग का भी निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि इसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल, स्वीमिंग पूल सहित अन्य स्पोर्ट्स की गतिविधियां होनी हैं। स्टेडियम के रखरखाव के लिए कमिश्नर ने कहा कि शासन से वार्ता कर रखरखाव की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर पेयजल निगम के एमडी ओम प्रकाश, मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, तहसीलदार सचिन कुमार, विक्रम राणा, कोच कविता बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।वहीं मंडलायुक्त ने लीगेसी वेस्ट प्लांट का भी निरीक्षण किया। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि प्लांट में आठ नवंबर से प्रोसेसिंग शुरू हो जाएगी। इस जगह पर कूड़े का जो ढेर है, उसे छह माह में निस्तारित कर दिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम की ओर से कार्ययोजना तैयार की गई है। इस प्लांट की मदद से पुराने कूड़े का न सिर्फ निस्तारण होगा, बल्कि सरकार को उससे राजस्व भी प्राप्त होगा। इसके बाद मंडलायुक्त ने मोतीनगर में स्वास्थ्य विभाग के 62 करोड़ की लागत से पेयजल निगम की ओर से निर्माणाधीन 200 बेड का अस्पताल देखा। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने 200 बेड के अस्पताल के निर्माण में प्रयुक्त ईंट का कंप्रेसर से टेस्ट भी किया जो मानक के अनुरूप पाया गया। कमिश्नर ने कैंप कार्यालय में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की और पीएमजीएसवाई की लचर कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त जताई। उन्होंने जिले में सड़क निर्माण की धीमी प्रगति पर पेयजल निगम के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई कर अवगत कराएं। साथ ही विभाग तय समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करवाए। मंडलायुक्त ने फतेहपुर बेलबसानी, खैरना बेतालघाट, बोरा गांव देवीधुरा, व्यासी सिलटना आदि निर्माणाध ीन सड़कों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य अभियंता मनोज कुमार गुप्ता, संयुक्त निदेशक राजेन्द्र तिवारी आदि शामिल रहे।



# डीएम गर्ब्याल ने उठाया कूड़ा, पूरे जिले में सफाई अभियान चलाने के निर्देश

भवाली। जिलाधिकारी नैनीताल ध ीराज सिंह गर्ब्याल की अगुवाई में सोमवार को शिप्रा नदी के आसपास वृहद सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें विभागीय अधिकारी, एनजीओ, स्कूली छात्र-छात्राओं, समूह व व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। भवाली से खैरना तक 20 किमी तक चले इस सफाई अभियान में जिलाधिकारी ने स्वयं भी शिप्रा नदी से कचरा साफ किया। जिलाधि कारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि जिले को पॉलीथिन मुक्त करने के लिए पूरे जनपद में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिससे लोगों को पॉलीथिन व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा। इसमें विभिन्न ब्लॉकों के स्कूलों के 10वी व 12वीं के छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है। डीएम ने इस दौरान पूर्व पालिका मैदान में स्कूली बच्चों को सम्बोधित कर अभियान की शुरुआत की। वहीं मीट की दुकानों में गंदगी देख जिलाधिकारी ने ईओ को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। डीएम ने बताया कि स्कूली बच्चों के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक में रोज एक जागरूकता रैली निकाली जाती है। जो घरों व व्यापारियों के पास जाकर लोगो को जागरूक करने के साथ पॉलीथिन कलेक्ट करते हैं। इसे स्कूलों में एकत्रित करते हैं। अभियान में जिला पंचायत की टीम को भी शामिल किया गया है। जो स्कूलों से पॉलीथिन एकत्रित करती है। और प्रत्येक ब्लाक में रोस्टर के माध्यम से कूड़ा गाड़ी भेजी जाती है। सोमवार को भवाली से लेकर खैरना तक 20 किमी तक शिप्रा सफाई अभियान चलाया गया। अभियान को 10 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिसमें जिलास्तरीय अधिकारी नोडल ऑफिसर के रूप में कार्य कर रहे है। जहां पर वन विभाग का क्षेत्र है। वहां वन विभाग ने सफाई की। डीएम ने कहा कि अभियान में स्कूली बच्चों को शामिल करने का उद्देश्य इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाना है। क्योंकि जब तक लोग सेनिग्रेशन करके कूड़ा सम्बंधित नगरपालिका को नहीं देंगे। यह अभियान सफल नहीं होगा। कैंची में विधायक नैनीताल सरिता आर्य भी अभियान से जुड़ी। साथ ही सफाई अभियान में स्कूली छात्र-छात्राओं, एनजीओ, समूहों नगर पालिका ने सफाई की। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, एसडीएम राहुल साह, सीडीओ संदीप तिवारी, पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा, ईओ संजय कुमार, रेंजर विजय मेलकानी, अमित साह, कंचन साह, प्रकाश आर्य, कंचन साह, प्रगति जैन, जगदीश नेगी, नरेश पांडे, खष्टी बिष्ट, विजेंद्र पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।



ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# छूटे हुए और नये मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा सामान्य निर्वाचन नामावालियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 अप्रैल,2023, 01 जुलाई 2023 या 01 अक्टूबर, 2023 के आधार पर वर्तमान फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम गतिमान है। उन्होने बताया कि वर्ष 2023 में पश्चातवर्ती अर्हता तारीखें अर्थात दिनांक 01 अप्रैल 2023, 01 जुलाई 2023 या 01 अक्टूबर 2023 में से किसी को अठारह वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है वह भी सूचना की तारीख से, अग्रिम में प्रारूप-6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा। उन्होने कहा कि वर्तमान में निर्वाचक नामावली में दर्ज परिवार के मतदाताओं के विवरण की जांच सम्बन्धी कार्य के साथ अर्ह नागरिकों के छूटे नामों को पंजीकृत हेतु प्रारूप-6 भरवायेंगे। उन्होने कहा कि वर्तमान निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, किन्तु दिनांक 01 अप्रैल 2023 01 जुलाई 2023 या 01 अक्टूबर 2023 में से किसी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, उनका नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज किये जाने हेतु उसके द्वारा



प्रारूप-6 में आवेदन पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि जिनका वर्तमान में अन्य स्थान पर स्थान्तरण /मृत आदि के कारण निर्वाचक नामावली से नाम हटाया जाना है ऐसे अर्ह नागरिकों के लिए प्रारूप-7 पर आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए उसका नाम निर्वाचक नामावली से प्रथक किया जा सकता है। उन्होने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का संशोधन करने व मतदाता पहचान पत्र खो जाने पर दोबारा बनाने के लिए प्रारूप-8 पर आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा। दिव्यांगजन चिन्हानंकित करने व निवास स्थानांतरण (निवास एक स्थान से दूसरे स्थान पर परिवर्तन) हेतु आवेदन इस प्रारूप पर कर सकता है। अपर जिलाधिकारी ने सहायक नोडल अधिकारी स्वीप (मुख्य शिक्षा अधिकारी) आरसी आर्या को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे मतदेय स्थल जहां पर पुरूषों की अपेक्षा महिला की संख्या कम है उन मतदेय स्थलों को चिन्हित कर सम्बनिधत सुपरवाईजरों एवं ग्राम प्रधानों के सहयोग से जांच करवाकर महिला मतदाताओं की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाय। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मतदेय स्थलों पर 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं का प्रतिशत शून्य व 01 प्रतिशत से कम तथा 01 से 1.27 प्रतिशत है, उन मतदेय स्थल क्षेत्रों की जांच करवाकर 18-19 आयु वर्ग के अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थल में अधिक से अधिक मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जाने हेतु कार्य योजना तैयार करते हुए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाये तथा कार्ययोजना तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं जिन मतदेय स्थलों पर प्रारूप-6 पर आवेदन पत्र शून्य एवं कम प्राप्त हुए उन स्थानों पर कार्ययोजना तैयार करते हुए प्रचार-प्रसार किया जाना है। उन्होने कहा कि विशेष कार्य दिवस दिनांक 19-20 नवम्बर 2022 एवं 03-04 दिसम्बर 2022 को समस्त बीएलओ सभी प्रपत्रों को लेकर अपने मतदान स्थल में बैठेंगे तथा सभी नागरिकों को फोटो निर्वाचक नामावली का निरीक्षण करवायेंगे।

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए रखा टुबड़ी का व्रत

गदरपुर(उद संवाददाता)। गंगा स्नान पर्व पर श्रद्धालु महिलाओं ने व्रत (टुबड़ी का व्रत) रखकर सूर्यास्त से पूर्व क्षेत्र की विभिन्न नदियों के तटों पर भारी संख्या में पहुंचकर दीप जलाकर पूजा अर्चना कर पति की दीर्घायु की कामना की। रात्रि को महिलाओं द्वारा चन्द्रमा के दर्शन कर व्रत का समापन किया किया । इस दौरान श्रद्धालु



महिलाओं ने गूलरभोज रोड स्थित रेडरोज पब्लिक स्कूल के सामने रामजीवनपुर नहर किनारे दीप जलाकर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर पंकज सेतिया,शीतल छाबड़ा, ममता सेतिया, सतीश मिढ्ढा, रोहित हुड़िया, संजीव अरोरा, वेद प्रकाश, वासु हुड़िया, रोहित सुदामा, मोहन लाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मारपीट कर हाथ तोड़ा, एक के खिलाफ केस

काशीपुर। युवक के साथ सरे राह मारपीट करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर धनोरी पट्टी प्रतापपुर निवासी जसपाल सिंह पुत्र रणजीत सिंह ने बताया कि बीते 6 नवंबर को उसका पुत्र करनप्रीत घर से कुंडेश्वरी की ओर जा रहा था इस दौरान मार्ग में खरमासा रोड नहर के पास कुछ लड़के आपस में झगड़ रहे थे। इसमें उसके गांव का भी एक लड़का था जिसे देखकर वह रुक गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद कुंडेश्वरी निवासी रितिक चौधरी पुत्र महेंद्र चौधरी ने उसके पुत्र के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।










ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

CIN: L85110UR1995PLC008627

Regd. Office : Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, Sidcul, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand 263153

Corporate Office: 2/9, 1st floor, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015

Ph.: 05944-250270, 011-45642555, Fax: 05944-250269, E-mail: cs@archidply.com, Website: www.archidply.com

EXTRACT OF UN-AUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2022

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | PARTICULARS | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | Year Ended |
| | | Un-Audited 30-Sep-22 | Un-Audited 30-Sep-21 | Audited 31-Mar-22 | Un-Audited 30-Sep-22 | Un-Audited 30-Sep-21 | Audited 31-Mar-22 |
| 1 | Total income from operations | 10362.41 | 8075.86 | 30712.56 | 10672.80 | - | 30712.56 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 405.64 | 360.29 | 1158.17 | 415.61 | - | 1156.39 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 405.64 | 360.29 | 1163.48 | 415.61 | - | 1161.69 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 299.86 | 267.01 | 847.48 | 309.80 | - | 845.69 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 303.61 | 271.71 | 862.77 | 313.55 | - | 860.98 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Re.1/- each) | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | - | 1986.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (Face value of Re.10/- each) - (for continuing and discontinued operations) (not annualised) (amount in Rs.) | | | | | | |
| | Basic : | 1.51 | 1.34 | 4.27 | 1.56 | - | 4.26 |
| | Diluted: | 1.51 | 1.34 | 4.27 | 1.56 | - | 4.26 |

Notes:

1 The above Standalone & Consolidated un-audited financial results of Archidply Industries Limited ("the Company") have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors of the Company at their meeting held on November 07, 2022. Audit Report of these results as required under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, has been completed by the statutory auditors of the Company.

2 The above unaudited financial results of the company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

3 Previous year/period figures has been regrouped/reclassified, wherever necessary to conform to those current year classification.

4 The full format of the results is available on the websites of the stock exchanges (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the company website (www.archidply.com).

For and on behalf of the Board of Directors

Sd/-

Rajiv Daga

Managing Director

DIN: 01412917

Place : New Delhi

Date : November 07, 2022

# धर्म ध्वजा का विधि विधान से हुआ पूजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एमबी इण्टर कॉलेज के मैदान में हरि: शरणम 'जन' प्रमुख स्वामी रामगोविन्द दास 'भाईजी' द्वारा आयोजित भक्ति महोत्सव में सोमवार को धर्म ध्वजा एवं दंड का पूजन नगर के श्रेष्ठ ब्राह्मणों के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत धर्म ध्वजा बना कर लाए राठौर समाज के परिवार के लोगो का संस्था प्रमुख रामगोविन्द दास भाई जी ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद वाल्मीकि समाज के लोगों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। आचार्य डॉक्टर नवीन चंद्र जोशी के नेतृत्व में 11ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रों के साथ गणेश पूजन, ध्वजा का पूजन कराया गया। ध्वजा पूजन के बाद भाईजी द्वारा वाल्मीकि समाज के लोगों को धर्म ध्वजा सौंप दी गई। आज वाल्मीकि समाज के लोग विशाल शोभायात्रा के रूप में धर्म ध्वजा के साथ कथा स्थल पर पहुंचेंगे। पूजन सम्पन्न कराने में शामिल विद्वान ब्राह्मणों में डा. नवीन चन्द्र जोशी, डा. भुवन चंद्र त्रिपाठी, गणेश जोशी,विवेक शर्मा, रमेश चंद्र काण्डपाल, गोपाल दत्त भट्ट, शेखर चन्द्र जोशी, डा. मनोज



पाण्डेय, आचार्य कीर्ति कालौनी, आचार्य मनोज पाण्डेय,दीपक तिवारी, शंकर दत्त सुनाल,चन्द्र शेखर जोशी ने वैदिक विधि से गणेश पूजन व ध्वज प्रतिष्ठा व पूजन करवाया। इस मौके पर राठौर समाज के धनश्यामदास राठौर,पुत्तन लाल राठौर, प्रदीप कुमार राठौर, आशीष राठौर, सुधीर राठौर, अमर राठौर, वेद प्रकाश राठौर, रमा शंकर राठौर, जगदीश राठौर,अनुप राठौर के साथ पूजन में वाल्मीकि समाज के अजय राजौर, अमरदीप चौधरी, राहत मसीह, रामू भारती, सुरेश लाला,पार्षद रवि वाल्मीकि, विनय पाल,अजय पंडालिया, योगेश राजौर व जगपाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# विधायक तिलकराज बेहड़ ने किया नगर कीर्तन का स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।गुरु पर्व के उपलक्ष में निकाले गये महान नगर कीर्तन में विधायक तिलकराज बेहड़ ने अनुपम टॉकीज के बाहर स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया।उनके साथ कांग्रेस पार्टी के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी वह सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ अपने साथियों के साथ आज अनुपम टॉकीज किच्छा में पहुंचे जहां उन्होंने एक स्टाल लगाकर नगर कीर्तन में सम्मिलित साथ संगत को प्रसाद वितरण किया व गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधकों को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी किच्छा द्वारा विधायक तिलकराज बेहड़ को गुरु घर के प्यार के रूप में सरोपा डालकर सम्मानित किया गया तथा कीर्ति नगर कीर्तन में सेवा देने के लिए धन्यवाद किया। इसके पूर्व विधायक तिलकराज बेहड़ अपने साथियों के साथ नगर कीर्तन



में सम्मिलित हुए वा नगर कीर्तन में सम्मिलित हुई समस्त संगत का अभिनंदन किया गुरु पर्व की बधाइयां दी।इस मौके पर उनके साथ सुनील ठाकुर, सतपाल गाबा, अशोक चुग,निर्मल सिंह, मेजर सिंह, ओमप्रकाश दुआ, केवल हुड़िया,अशोक मित्रा,सुनीता कश्यप, गिरीश चिटकारा , संतोष ठाकुर बलवंत मानिकय,गौरव बेहड़,गुलशन सिंधी,दुर्गेश गुप्ता अशोक सिड़ाना , नितिन शर्मा, धर्मेंद्र सिंधी आदि लोग उपस्थित रहे।










# ग्रामसभा झगड़पुरी में सीसी मार्गों का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह ने ग्राम झगड़पुरी में सीसी मार्गो सहित खडंजा के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्राम सभा में कराए जा रहे तमाम विकास कार्यों के लिए ग्राम प्रधान को बधाई भी दी।विकासखंड क्षेत्र के ग्राम झगड़पुरी में तमाम सीसी मार्गो का वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह द्वारा शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत



अली मंसूरी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 74 से अब्दुल रहमान के घर तक सीसी मार्ग, मोहम्मद हनीफ के घर तक सीसी मार्ग और रामअवतार के घर तक सीसी मार्ग सहित श्मशान घाट को जाने वाली मुख्य सड़क पर खड़ंजा निर्माण कार्य का उद्घाटन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण से ग्राम वासियों को इसका लाभ मिलेगा। शराफत मंसूरी ने कहा कि ग्राम पंचायत में पूर्व की भांति आगे भी इसी प्रकार विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर शैलेंद्र शर्मा,अजय गाबा,संजीव छाबड़ा,पूर्व ग्राम प्रधान मान सिंह, स. अपार सिंह,शाहिद अली, हिकमत अली,निशान सिंह, हनीफ अनिल कुमार, दिलदार हुसैन, जाकिर हुसैन,नासिर पाशा,मो, रिजवान,इकबाल कुरैशी सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल का भाविप ने किया स्वागत

सितारगंज(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा सितारगंज, नानकमत्ता व शक्तिफार्म के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल जिन्दल का फूल मालाओं, शाल व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत



व अभिनन्दन किया। इस मौके परप्रान्तीय वित्त सचिव नरेश कंसल, प्रान्तीय प्रकल्प संयोजक अजीत सिंह जोशन, प्रान्तीय प्रकल्प संयोजक महेश मित्तल, शीतल सिंघल, मुकेश गर्ग, सुखवीर सिंह बेदी, उमेश अग्रवाल, प्रमोद गोयल, मोहित अग्रवाल, सोनू चौहान, सतीश उपाध्याय, राघव सिंह, जितेन्द्र पंत आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने दी गुरुनानक जयंती की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरु नानक जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह प्रकाश पर्व हमें गुरु नानक देव जी के बताए हुए मार्ग पर चलने तथा उनकी शिक्षाओं को जीवन में आचरण करने का मार्ग दिखाता है। उनकी शिक्षाओं में 'इक ओंकार सत नाम' का मूल मंत्र गहन प्रेरणा देने वाला है।राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी के 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' के संदेश में, उनकी सभी शिक्षाओं का सार है। उनकी पवित्र शिक्षाएं हम सब के लिए प्रेरणा देने वाली हैं। राज्यपाल ने कहा है कि हम सब इस पावन पर्व गुरु महाराज के बताये गये मार्ग और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें।




# काली पूजा महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ संपन्न

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।क्षेत्र के ग्रामसभा गुरुग्राम मे 6 दिवसीय काली पूजा महोत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। गुरुग्राम मे काली पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य मे सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के समाजसेवी राजू डशीला व विशिष्ट अतिथि धार्मिक अनुयायी चोटबाबा ने सयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। कार्यक्रम मे पीलीभीत,



बरेली, खटीमा, रामनगर, दिनेशपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी व क्षेत्रीय कलाकारों ने भाग लिया।प्रतियोगिता के एकल मे सागर (दिनेशपुर) प्रथम, शांतन्तु(रामनगर) द्वितीय,सुहानी तृतीय व ग्रुप मेंडी आर एक्स ग्रुप (कालीनगर) प्रथम,लक्की शिवानी ग्रुप (दिनेशपुर)द्वितीय, स्वेगन ग्रुप (रुद्रपुर) तृतीय रहे। विजेताओं को नगद धनराशि सहित ट्रॉफी दिया गया। प्रतियोगिता में पुष्पा जोशी व तापस मिस्त्री निर्णायक और जयंत मंडल व अमित बैरागी संचालक की भूमिका मे थे।समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजेश नंदी,रावेन बिस्वास, सुभाष गोलदार, संजीत खान ,कार्तिक मंडल,निर्मल मंडल,विधान दास, सोमनाथ बैरागी,असित मंडल,मनोरंजन आदि मौजूद थे।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने केलाखेड़ा में सजाया श्याम बाबा का दरबार

केलाखेड़ा (उद संवाददाता)। श्री श्याम मित्र मण्डल की ओर से श्री खाटू श्याम जी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल संकीर्तन का आयोजन सरकारी रोड गुरूद्वारे के पीछे किया गया। जिसमें भजन गायक अमित चुघ, अर्चित ग्रोवर, निशा अरोरा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्री श्याम मित्र मण्डल के कार्यकर्ताओं ने विधिवत ज्योति प्रज्वलित करके संकीर्तन का शुभारम्भ किया। इस दौरान अखण्ड ज्योति जलाई गयी। बाबा का आलौकिक श्रृंगार करने के साथ ही छप्पन भोग लगाये गये। भजन गायिका निशा अरोरा ने कलयुग में डंका बजता है दोनों देव महान है,प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश,मेरी अखियां करे इंतजार सांवरे,हम हारे हारे हारे तुम हारे के सहारे, झुक गए बड़े बड़े सरदार तेरी मोर छड़ी के आगे,दीनानाथ मेरी बात,मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका,रंगी





गुब्बारों से मंडप सजाया है,हे दुख भंजन मारुति नंदन, कीर्तन की है रात आदि भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। वही भजन गायक अमित चुघ और अर्चित ग्रोवर ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पुष्प वर्षा का आकर्षण का केन्द्र रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान इत्र का छिड़काव भी किया गया। संकीर्तन में पहुंचे भजन गायकों के साथ ही अतिथियों को मंच पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रूद्रपुर से पहुंचे बाबा भक्त मंडल के विक्की मुंजाल, भुवनेश अरोरा, सुमित सहगल, शिवम तागरा, संजय ठुकराल आदि को भी श्री श्याम मित्र मण्डल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विजय अनेजा सिमरनजीत सिंह, रजत अनेजा शिवम कालरा शिवम चिलाना, प्रशांत बत्रा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# जिलाध्यक्ष बनने पर गुंजन सुखीजा का जोरदार स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। युवा उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष पारस धवन के नेतृत्व में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पदाधिकारियों द्वारा सकैनिया रोड स्थित भगवती राइस मिल पहुंचकर समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है एवं पार्टी की एक बड़ी जिम्मेदारी सौपकर युवा हृदय सम्राट गुंजन सुखीजा को भारतीय जनता पार्टी काशीपुर जिले का जिला अध्यक्ष बनाया है। वही गुंजन भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों एवं युवाओं के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे एवं अपने दायित्व का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे। इस दौरान युवा पंजाबी महासभा भाजपा हाईकमान द्वारा काशीपुर जिला का जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय योगी सेना ने उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए फूल मालाओं से जोरदार स्वागत





गुंजन सुखीजा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। युवा उत्तरांचल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष पारस धवन ने कहा वह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने पंजाबी सुखीजा ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए युवाओं को साथ लेकर चलने की बात कही उन्होंने कहा राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर से जो भी योजनाएं लागू होंगी वह के अध्यक्ष पारस धवन, महामंत्री रवि सचदेवा, कोषाध्यक्ष चिराग मुरादिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशु अनेजा सहित आदि लोग मौजूद रहे। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता गुंजन सुखीजा को प्रदेश किया।इस मौके पर राष्ट्रीय योगी सेना के नगर अध्यक्ष हैप्पी चंद्रा,महेश गुप्ता, हरीश अरोरा, जितेंद्र कुमार, हरिओम सैनी, उमेश कुमार, हैप्पी रस्तोगी, मीडिया प्रभारी निपुण गगनेजा आदि मौजूद रहे।

# आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरण कर भाजपाईयों ने किया खुशी का इजहार

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के मुख्यबाजार स्थित शिवम मार्ट पर नामित सभासद एवं भाजपा नेता सुरेश खुराना के नेतृत्व में जोरदार नारेबाजी करते हुए भाजपा नेता गुंजन सुखीजा के जिलाध्यक्ष बनने पर अपनी खुशी का इजहार किया।जबरदस्त आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान भाजपाईयों ने भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए जोरदार नारे लगाते हुए माहौल को भाजपा में कर दिया भाजपा नेता सुरेश खुराना ने कहा वह राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने गुंजन सुखीजा को जिलाध्यक्ष बनाकर युवाओं के मान



सम्मान को बढ़ाने का काम किया है।इस मौके परसुरेश खुराना,कपिल अरोरा,लवली हुड़िया,पंकज सेतिया, मनीष फुटेला,रोबिन फुटेला,अभिषेक वर्मा,डॉ सोनू विश्वास,राजेश गुम्बर,राकेश गुम्बर,परमजीत सिंह पम्मा,हरलोक नाम धारी, अशोक छाबड़ा, रोहित सुदामा, सचिन बत्रा, वकुल अरोरा, मुकुल सुखीजा, मिंटू रस्तोगी,अभिषेक गुम्बर,जसवीर चीमा,गौरव मदान सहित भारी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बहुआयामी आर्थिक आरक्षण का लाभ

सुप्रीम कोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए बहुआयामी दस फीसद आरक्षण का रास्ता साफ कर दिया है।अब शिक्षा और नौकरी में गरीब सवर्णों को भी आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। सोमवार को पांच सदस्यों वाले संविधान पीठ ने तीन-दो के बहुमत से एक सौ तीन वें संविधान संशोधन की वैधता को बरकरार रखते हुए यह फैसला दिया। प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट ने इस संविधान संशोधन को वैध नहीं माना, जबकि तीन न्यायाधीशों न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला ने इसके पक्ष में फैसला दिया।सर्वोच्च अदालत का यह फैसला स्वागतयोग्य माना जाना चाहिए, क्योंकि संविधान पीठ ने इस मुद्दे की मूल भावना को केंद्र में रखते हुए उसे तरजीह दी और सामान्य वर्ग में आर्थिक रूप से कमजोर तबके को ऊपर लाने और इस दिशा में सरकार के प्रयासों को पर अपनी सहमति दी। हालांकि आरक्षण हमेशा से एक संवेदनशील मुद्दा रहा है और इससे जुड़े मुद्दों को लेकर विवाद उठते रहे हैं। ऐसे में इस पर सहमति-असहमति बनना भी स्वाभाविक है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में एक सौ तीन वां संविधान संशोधन लागू कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण लागू किया था। लेकिन इस संविधान संशोधन को संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन बताते हुए इसकी वैधता को चुनौती दी गई थी।आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण सुनिश्चित करने वाले एक सौ तीन वें संविधान संशोधन के विरोध के पीछे बड़ा कारण यह बताया गया कि इससे संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन होता है। प्रधान न्यायाधीश ने भी अपने फैसले में इस को रेखांकित किया है। प्रधान न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि संविधान सामाजिक न्याय के साथ छेड़छाड़ की इजाजत नहीं देता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण देना संविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ है।लेकिन संविधान पीठ के जिन जजों ने इसके पक्ष में फैसला सुनाया, वे सभी इस बात पर सहमत थे कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को दस फीसद का आरक्षण संविधान के बुनियादी ढांचे का कहीं से उल्लंघन नहीं करता। लेकिन इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि न्यायमूर्ति पारदीवाला ने साफ कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण अनिश्चितकाल के लिए नहीं बढ़ाना चाहिए। संविधान पीठ के बहुमत वाले सदस्यों ने फैसले में इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण इसलिए भी जरूरी है ताकि समतावादी समाज के लक्ष्य की ओर एक सर्व समावेशी तरीके से आगे बढ़ना सुनिश्चित किया जा सके। सर्वोच्च अदालत के इस फैसले के बाद सरकार के लिए अब बड़ी चुनौती अब इस फैसले पर अमल की है। देखना होगा कि सरकार कैसे ईमानदारी के साथ इसे लागू करवाती है। आरक्षण को लेकर एक बड़ा सवाल अब तक यही उठता रहा है कि सामाजिक रूप से जिन पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों को आरक्षण का लाभ देकर उन्हें ऊपर लाना चाहिए था, उसमें सरकारें सफल नहीं हो पाईं। आरक्षण का लाभ लेकर हर तरह से संपन्न बने लोग भी इसका लाभ उठा रहे हैं। इसलिए आरक्षण को लेकर एक तार्किक नीति बनाने की मांग भी लंबे समय से उठती रही है।आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण देने के पीछे भी मूल भावना यही है कि सिर्फ आर्थिक अभाव की वजह से कोई अवसरों में न पिछड़े। अगर सरकार और राजनीतिक दल वाकई देश के कमजोर तबकों को ऊपर उठाना चाहते हैं तो इसे सिर्फ चुनावी फायदे के रूप में देखने की प्रवृत्ति से मुक्ति पानी होगी और राजनीति से ऊपर उठ कर पहल करनी होगी। तभी सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों का भला हो पाएगा।

# 'अनामिका' गैंगरेप हत्याकांड के तीन 'हैवान' सुप्रीम कोर्ट से बरी

❑ दिल्ली में 9 फरवरी 2012 की रात नौकरी से लौटते समय हुई थी उत्तराखंड की बेटी से दरिंदगी, हरियाणा में मिली थी लाश

❑ दिल्ली हाईकोर्ट ने तीनों दोषियों का बताया था शिकार ढूंढने वाला हैवान, दुलर्भतम यातनाएं देने पर सुनाई थी फांसी की सजा

देहरादून/नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। बहुचर्चित वर्ष 2012 के छावला अनामिका गैंगरेप मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने तीन आरोपियों राहुल, रवि और विनोद को बरी कर दिया है। 2014 में इन तीनों ही आरोपियों को हाईकोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। निचली कोर्ट ने सजा सुनाते समय इसे दुर्लभतम मामला माना था। कोर्ट ने पीड़िता को अनामिका (काल्पनिक नाम) से मुकदमे को फाईल किया था। उल्लेखनीय है कि 2012 में अनामिका 19 साल की युवती का पहले अपहरण किया गया। फिर गैंग रेप के बाद उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया था। उसकी आंखों में तेजाब भी डाला गया था। यह दिल्ली के निर्भया गैंगरेप की ही तरह यातनायें दी गई थी। अनामिका उत्तराखंड के पौड़ी की रहने वाली थी और दिल्ली के छावला के कुतुब विहार में रहती थी। 9 फरवरी 2012 की रात नौकरी से लौटते समय राहुल, रवि और विनोद नाम के आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया था। 14 फरवरी को अनामिका की लाश बहुत बुरी हालत में हरियाणा के रेवाड़ी के एक खेत में मिली थी। गैंगरेप के अलावा अनामिका को असहनीय यातनाएं दी गई थीं। उसे कार में मौजूद औजारों से बुरी तरह पीटा गया था। साथ ही शरीर को सिगरेट और गर्म लोहे से दागा गया था। यही नहीं गैंगरेप के बाद अनामिका के चेहरे और आंख में तेजाब डाला गया था। घटना के चश्मदीदों के बयान के मुताबिक जांच के दौरान पुलिस को लाल इंडिका कार की तलाश थी। बाद में पुलिस को उसी लाल कार में एक आरोपी राहुल पुलिस की गिरफ्त में आ गया। बाद में उसने अपने दोनों साथियों रवि और विनोद के बारे में भी पुलिस को सारी जानकारी दी। डीएनए की रिपोर्ट और दूसरे तमाम सबूतों से निचली अदालत में तीनों के खिलाफ केस निर्विवाद तरीके से साबित हुआ। जबकि सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति जस्टिस यूयू ललित, एस रवीन्द्र भट्ट और बेला त्रिवेदी की बेंच ने इस मामले में दोषियों की अपील पर इसी साल 6 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखा था। दिल्ली सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दोषियों के लिए फांसी की सजा बरकरार रखने की मांग की थी। उन्होंने अपनी दलील में कहा था कि पीड़िता के साथ अकल्पनीय दरिंदगी हुई। भाटी ने कहा कि इस तरह घटनाओं के चलते ही माता-पिता अपनी लड़कियों को बाहर जाकर पढ़ाई करने से रोकते हैं। वहीं इस मामले में एमिकस क्यूरी बनाई गई वरिष्ठ वकील सोनिया माथुर ने जजों से अनुरोध किया था कि वह इन दोषियों में सुधार आने की संभावना पर विचार करें। उन्होंने कहा था कि दोषियों में से एक विनोद बौद्धिक क्षमता से पीड़ित है। वह ठीक ढंग से सोच विचार नहीं कर पाता। वरिष्ठ वकील ने कोर्ट से दोषियों के प्रति सहानुभूति भरा रवैया अपनाने का आग्रह किया था। गौरतलब है कि अनामिका मूल रूप से उत्तराखंड के पौड़ी के रहने वाली थी, जो दिल्ली के छावला के कुतुब विहार में रहती थी। 9 फरवरी 2012 की रात नौकरी से लौटते समय राहुल, रवि और विनोद नाम के आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया था। 14 फरवरी को अनामिका की लाश बहुत बुरी हालत में हरियाणा के रेवाड़ी के एक खेत में मिली थी। गैंगरेप के अलावा अनामिका को असहनीय यातनाएं दी गई थीं। उसे कार में मौजूद हजारों से बुरी तरह से पीटा गया था। इसके साथ ही उसके शरीर को सिगरेट और गर्म लोहे से दागा गया था। यही नहीं गैंगरेप के बाद अनामिका के चेहरे और आंख में तेजाब डाला गया था। जानकारी के मुताबिक अनामिका गैंगरेप और हत्या के मामले में 2014 में पहले निचली अदालत ने इस मामले को दुर्लभतम श्रेणी का मानते हुए तीनों आरोपियों को फांसी की सजा सुना दी थी। इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा था। बता दे कि लड़की के अपहरण के समय चश्मदीदों के बयान के आधार पर पुलिस ने लाल इंडिका गाड़ी की तलाश की। कुछ दिनों बाद उसी गाड़ी में घूमता हुआ राहुल पुलिस के हाथ लगा। उसने अपना गुनाह कबूल किया और अपने दोनों साथियों रवि और विनोद के बारे में भी जानकारी दी। तीनों की निशानदेही पर पीड़िता की लाश बरामद हुई थी। डीएनए रिपोर्ट और दूसरे तमाम सबूतों से निचली अदालत में तीनों के खिलाफ केस निर्विवाद तरीके से साबित हुआ। जघन्य अपराध के तीनों दोषियों को निचली अदालत ने तीनों आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई थी, जिसे दिल्ली हाईकोर्ट ने भी आरोपियों को शिकार के लिए सड़कों पर भटकने वाला हैवान बताते हुए मौत की सजा को बरकरार रखा था लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने उन तीनों आरोपियों को बरी कर दिया है। बता दें कि यह मामला निर्भया रेप केस से कुछ महीने पहले की है।



## लचर पैरवी से जघन्य अपराधियों का छूटना समाज के लिए अत्यंत चिंतनीय

देहरादून। दिल्ली में घटित छावला सामूहिक दुष्कर्म कांड में अभियुक्तों के सर्वोच्च न्यायालय से बरी होने पर जहां अनामिका के परिजनों ने ऐतराज जताया है वहीं अनामिका की मां ने बेटी को न्याय दिलाने के लिये केंद्र और राज्य सरकार से अदालत के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की भी गुहार लगाई है। वहीं उत्तराखंड की बेटी के दरिंदों को सवोच्च न्यायालय से बरी होने पर कांग्रेस नेताओं ने अत्यंत चिंतनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि 2012 में दिल्ली में उत्तराखंड की 19 वर्षीय बेटी के साथ आरोपियों ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर उसकी हत्या कर दी थी। लचर पैरवी के चलते ऐसे जघन्य अपराधियों का छूटना समाज के लिए चिंतनीय है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड की बिटिया के साथ दरिंदगी के जिम्मेदार अभियुक्तों को जिला न्यायालय और फिर उच्च न्यायालय ने सजा-ए- मौत दी थी, पर वो बरी हो गए हैं। यह निर्भया हत्याकांड जैसा केस था। सरकार से पैरवी में कहीं न कहीं चूक हुई है। वहीं उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने दिल्ली सरकार से इस मामले को सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच में ले जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में उत्तराखंड के प्रवासी संगठनों से बातचीत कर संयुक्त लड़ाई के लिए प्रयास करेंगे।

# प्रकाशोत्सव पर किया गुरु की महिमा का बखान





रूद्रपुर /गदरपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गोल मार्केट में श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाशित धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज गुरुद्वारा में विशेष धार्मिक दीवान सजाया गया जिसमें भाई मंगत सिह हजूरी रागी दरबार साहिब, भाई बलवीर सिंह दिल्लीवाले, ज्ञानी अंग्रेज सिंह जालंधर वाले, ज्ञानी जितेंदर पाल सिंह कथावाचक बदायूं वाले, भाई खजान सिंह रागी जत्था, भाई गुरजीत सिंह हजूरी रागी गोल मार्केट वाले, ज्ञानी दर्शन हजूरी हैड ग्रंथी गुरुद्वारा गोल मार्केट, ज्ञानी कश्मीर सिंह तथा भाई मरदान जी संगीत एकेडमी गुरुद्वारा गोल मार्केट के बच्चों द्वारा शबद कीर्तन व कथा कर गुरु की महिमा का बखान किया गया। गुरुद्वारे में गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। इससे पूर्व गुरुद्वारा श्री सिंह सभा गोल मार्केट में रात्रि 8 बजे से 10:30 बजे तक कवि दरबार आयोजित किया गया। जिसमें करमजीत सिंह, गुरशरण सिंह, हरि सिंह, सरबजीत कौर ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। आज सायं 5:30 बजे से रात्रि 12 बजे तक गुरमति समागम का आयोजन होगा। जिसमें भाई मंगत सिह हजूरी रागी दरबार साहिब, भाई बलवीर सिंह दिल्लीवाले, ज्ञानी अंग्रेज सिंह जालंधर वाले, ज्ञानी जितेंदर पाल सिंह कथावाचक बदायूं वाले, भाई खजान सिंह रागी जत्था, भाई गुरजीत सिंह हजूरी रागी गोल मार्केट वाले, ज्ञानी दर्शन हजूरी हैड ग्रंथी गुरुद्वारा गोल मार्केट, ज्ञानी कश्मीर सिंह तथा भाई मरदान जी संगीत एकेडमी गुरुद्वारा गोल मार्केट के बच्चों द्वारा शबद कीर्तन व कथा कर गुरु की महिमा का बखान करेंगे। आज गुरुद्वारा में आए कई गणमान्य अतिथियों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, उप प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, सचिव मनजीत सिंह मक्कड़, उपसचिव परविंदर सिंह पम्मा, खजांची हरविंदर सिंह, प्रीतम सिंह चावला, रछपाल सिंह, गुरमीत सिंह बठला, जोगिंदर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। **गदरपुर।** गुरु नानक देव जी के 553 वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में 10 दिवसीय प्रभात फेरी, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत भारी दीवान सजाए गए और गुरु का लंगर आयोजित किया गया। रागी जत्था भाई गुरजंट सिंह द्वारा भाई गुरदास जी का शब्द, श्कलि तारण गुरु नानक आया , सतनाम दा चक्र चलायाश आदि शब्दों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा प्रधानाचार्य चंपा पांडे, सरबजीत कौर एवं बलजीत कौर के नेतृत्व में श्एक बाबा का अकाल रूप दूजा रबाबी मरदाना, श्गायन किया वही मोनाड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य नेहा भारद्वाज, म्यूजिक टीचर संजय एवं किरण रानी के दिशा निर्देशन में श्रेया, तनुश्री, सिमरन, हार्दिक, विवेक, वश, शिवम, रुबीना ,प्रभजोत, वैभव एवं वैष्णवी द्वारा श्आए मिल गुरसिख आए मिल,तू मेरे गुरु के प्यारे, गायन करके शुभकामनाओं के साथ संगत को भाव विभोर किया इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री तरण तारण साहिब श्री अमृतसर से आए कथावाचक ज्ञानी सतपाल सिंह द्वारा गुरु नानक देव जी की जीवन यात्रा के दौरान उनके द्वारा संगत को जागरुक किए जाने वाले विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए उनकी शिक्षा को ग्रहण करने की संगत से अपील की ।उन्होंने सभी संगत से गुरबाणी का पाठ नित्य प्रति करने, अपने बच्चों के साथ पंजाबी भाषा का प्रयोग करने,अमृत छककर गुरु वाले बनने,गुरबाणी एवं गुरु की शिक्षा के प्रचार प्रसार के अलावा समाज भलाई के कार्यों में सहभागिता करने की अपील की स भाई राजेंद्र सिंह ने गुरबाणी कथा के उपरांत सर्वत्र सुख शांति की कामना की अरदास की। इस मौके पर दूर दराज से आई संगत ने सहभागिता करते हुए लंगर प्रसाद ग्रहण किया। **हल्द्वानी** ।साहिब श्री गुरु नानक देव जी के 553वे पावन प्रकाश पूरब पर गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा में गुरमत समागम आयोजित हुआ। जिसमे रागी जत्थों, कविशरों, कथावाचकों ने गुरु की महिमा का गुणगान कर आई संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा में अटूट लंगर भी बरताया गया। इससे पूर्व गत दिवस हेड ग्रंथि स.अमरीक सिंघ ने रेहरास साहिब के पाठ से दीवान की शुरुआत की। जिसके उपरन्त हजूरी रागी परमजीत सिंघ एवं साथियो ने शबद कीर्तन करा। संगरूर से आये प्रचारक मनदीप सिंघ ने गुरु साहिब के उपदेशों को संगत के साथ गुरु साहिब के जीवन से संबंधित साखियों द्वारा समझाया। उन्होंने बताया कि गुरु साहिब की मनोकल्पित तस्वीरों की बजाए गुरु साहिब की पावन बाणी से उनके विचार समझने की जरूरत है। गुरु साहिब के पावन बचन किरत करो, नाम जपो, और वंड के छको को हमे अपने जीवन मे धारण करके समाज मे फैलाना चाहिए। भाई प्रेम सिंघ बंध, हजूरी रागी बंगला साहिब,दिल्ली ने गुरु साहिब की पावन बानी ष्गुर नानक जिन सुण्या पेख्याष एवं ष्धन नानक तेरी वडी कमाईष आदि शबदो के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमयी बना दिया। संगत ने भी भाई साहिब के साथ गुरु साहिब की बानी को जपा।अरदास के साथ दीवान की समाप्ति हुई। सब संगत ने गुरु का लंगर छका। आज सुबह 6 बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई एवं 9.30 बजे से 3 बजे तक रामलीला ग्राउंड में धार्मिक दीवान के बारे में संगत को जानकारी दी गई। मुख्य सेवादार रंजीत सिंह ने समूह संगत का धन्यवाद किया।

# डीपीएस में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मना गुरु पुरब

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के प्रांगण में गुरु नानक जी का जन्मदिवस प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मेयर रामपाल सिंह , मुख्य शिक्षा अधिकारी आर.सी. आर्य,प्रसिद्ध व्यवसायी कुलदीप सिंह खरबन्दा , डॉ. परमजीत सिंह, वेद ठुकराल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में गुरुनानक जी के जीवन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।जिससे छात्रों के जीवन में संघर्ष कर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सकेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महापौर रामपाल सिंह ने कहा कि आज हम सभी के लिए यह गर्व का अवसर है कि रुद्रपुर शहर में डी. पी.एस. स्कूल बच्चों को शिक्षा के साथ साथ हमारी प्राचीन संस्कृति से भी जोड़ रहा है और कहा कि हम सब बहुत जल्दी बड़े हो गए जब हमारे क्षेत्र में अच्छे स्कूलों के अभाव में बच्चों को पढ़ने शहर से बाहर जाना पड़ता था पर अब शहर के बच्चों को शहर में डी. पी.एस. में बच्चों को शिक्षा के साथ सहशैक्षिक सुविधाएं मिल रहीं है। उन्होंने छात्रों को जिम्मेदार नागरिक और स्वच्छता के लिए जागृत किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कार्तिक का महीना पवित्र महीना माना जाता है ।दीपावली के 15 दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को प्रकाश पर्व के रूप में नानक जी का जन्मदिन मनाया जाता है। 15 वी शताब्दी में जब लोग विभिन्न जाति –धर्म पंथों में बट रहे थे तब गुरुनानक जी ने ही सब को एक ओमकार का मार्ग दिखाया ।आज हम सब को आवश्यकता है कि गुरुनानक जी जैसे महापुरुषों के मार्ग पर चल के ही हम एक श्रेष्ठ जीवन जी सकते है। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने गोद लिए सरकारी कन्या विद्यालय की छात्राओं को स्वेटर बांटे एवं कार्यक्रम में सम्मिलित कर उन्हें एक अवसर प्रदान किया। साथ ही अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर को पढ़ाने वाले जनता इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की समाप्ति पर आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा सभी को प्रसाद वितरित किया गया।



# बेहड़ ने चार गांवों का किया दौरा

किच्छा( उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ग्रामीण जन संवाद के तहत बखपुर,भगवान पुर कलकत्ता फार्म तथा ग्राम सभा नजीबाबाद पहुंचे। इस मौके पर विधायक तिलकराज बेहड़ ने सभी ग्रामीणों को गंगा स्नान, तथा गुरु पर्व की बधाई देते हुए कहा, कि वह डाम तथा इन क्षेत्रो को लेकर पहले से हि काफी चिंतित रहते हैं, यहां की सड़कों का भी पूर्व में निर्माण उन्हीं के द्वारा कराया गया था, यहां के गांव अपेक्षाकृत काफी पिछड़े रह गए हैं जहां विकास की ज्यादा आवश्यकता है, किंतु उन्हें अफसोस है कि भाजपा सरकार में इन क्षेत्रो की खासकर उपेक्षा की गई, यहां पर किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध नहीं है तथा उन्होंने सरकार से यहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की अपील भी की है, वे चाहते हैं कि यहां पर अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए यहां के लोगों को कहीं दूसरी जगह पर या



शहर की तरफ ना जाना पड़े। इस मौके पर सभी ग्रामीणों ने अपने विधायक का फूल मालाओं के साथ स्वागत व अभिनंदन किया तथा अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को विधायक तिलकराज बेहड़ के समक्ष रखा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सभी समस्याओं के निस्तारण की बात कही। ग्रामीणों की मांग पर विधायक तिलकराज बेहड़ ने ग्राम बखपुर में श्मशान घाट तथा मंदिर के सौंदर्यीकरण ग्राम भगवानपुर में लंगर हाल के निर्माण तथा ग्राम कलकत्ता फार्म मैं बाउंड्री वाल का निर्माण विधायक निधि से कराये जाने की घोषणा की। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गुड्डू तिवारी,गुलशन सिंधी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजर सिंह,बलदेव सिंह,सरवन सिंह,स्वर्ण सिंह,गोपाल नेगी,अनिल यादव,बलवंत मान किया,मनोज,सुनीता देवी ग्राम प्रधान,सुंदर सिंह,विक्रम कोरंगा, जमालुद्दीन, अफफाक, प्रेमराज,अर्जुन यादव,भगवान दास,सूरज पाल,कुंवर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाध्यक्ष कमल जिंदल का जोरदार स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल का अपने आवास पहुंचने पर कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होता है मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपना इसका प्रमाण है। भाजपा गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा, किसान सबके लिए काम करने वाली पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी ने हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाकर सबको मुख्य धारा में लाने का काम किया है। कहा कि आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए हर बूथ पर खुद जाकर बूथ कमेटी की बैठक करूंगा जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और आगामी चुनाव में जिसका लाभ भी मिलेगा। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि कमल जिंदल हमारे छोटे भाई हैं तथा छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय हैं, पार्टी के छोटे बड़े जिम्मेदारियों को निभाते हुए हमेशा पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने नवसृजित रुद्रपुर जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है इनके जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन सक्सेना ने किया। स्वागत कार्यक्रम में कुंदन लाल खुराना, धर्म राज जायसवाल, विवेक राय, संदीप अरोरा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मुकेश कोली, बंटी खुराना, हरविंदर चुघ, तरुण पांडे, शिवम ओझा, करनजोत सिंह, राकेश गुप्ता, धनीराम, नितिन चरण, सुभाष तनेजा, नितिन गुप्ता, नितिन फुटेला, प्रिंस अरोरा, सुरेंद्र चौधरी, चूड़ामणि सागर, सचिन सक्सेना, सचिन चरण, तरुण पांडे, चंदन जायसवाल, विशाल गुप्ता, भूपेंद्र पाठक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# गुरूद्वारा में ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री गुरुनानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में बिंदु खेड़ा गुरुद्वारे में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कमेटी द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।



